

# 12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



भारत सम्मान NEWS

हो जाओ सावधान...

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

वर्ष-13 अंक-84 — अम्बिकापुर, बुधवार, 06 सितंबर 2023 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# 1600 करोड़ की बिजली चोरी: चोरों के तरकीब से गच्चा खा गई सरकार

**अमृतसर।** पंजाब सरकार पिछले साल से पूरे राज्य में 300 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है, लेकिन इसके बावजूद लोग बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं. चोरी की बिजली से अपने घरों को रोशन करने की लोगों की छोटी मानसिकता राज्य सरकार और राज्य की बिजली वितरण एजेंसी पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के लिए लगातार समस्याएं पैदा कर रही है. राज्य के बिजली चोरों ने बिजली मीटर रीडरों के साथ मिलकर पीएसपीसीएल को 1600 करोड़ रुपये का चूना लगाया है, जबकि बड़ी बात यह है कि स्थानीय नेताओं के हस्तक्षेप के कारण पावरकॉम बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है.



## बिजली की खपत

इस अवधि के दौरान कुल बिजली खपत हानि 11.60 प्रतिशत थी, जिसमें से तरनतारन सर्कल में सबसे ज्यादा नुकसान 34.67 प्रतिशत था, जबकि मुक्तसर और संगरूर सर्कल में सबसे कम नुकसान 25.05 और 18.44 प्रतिशत था. इसके अलावा फिरोजपुर में 31.95 फीसदी और अमृतसर सब अर्बन में 26.78 फीसदी बिजली की खपत हुई. पंजाब में बिजली चोरी को लेकर ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के प्रवक्ता वीके गुप्ता ने कहा कि स्थानीय नेताओं के हस्तक्षेप के कारण पावरकॉम बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है.

## बिजली चोरी का कारण

नई रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब के लोग मुफ्त बिजली की सुविधा पाने के लालच में बिजली चोरी कर रहे हैं. समय के साथ बिजली चोरी के तरीके भी बदल गए हैं, लोग अब मीटर रीडर की मदद से धड़ल्ले से बिजली चोरी कर रहे हैं. बिजली की अत्यधिक खपत के बावजूद लोगों के घरेलू बिजली बिल दो माह में 600 यूनिट से भी कम आ रहे हैं. इन आंकड़ों से साफ पता चलता है कि किस तरह लोग पावरकॉम के मीटर रीडरों के साथ मिलकर बिजली इकाइयों की रीडिंग में देरी कर रहे हैं.

## बिजली चोरी में मीटर रीडरों की मिलीभगत

पिछले एक साल में पंजाब में इस हथकंडे का इस्तेमाल कर 2200 लाख यूनिट बिजली चोरी की जा चुकी है. इसकी कीमत 1600 करोड़ रुपये बताई जा रही है. पिछले कुछ महीनों में पावरकॉम की ओर से बिजली यूनिट फेलियर को लेकर 40 मीटर रीडरों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी. इन रीडरों ने मीटरों के साथ छेड़छाड़ की थी और अपनी रीडिंग पीछे कर ली थी, जब पावरकॉम की इंफोर्समेंट टीमों द्वारा चेकिंग की गई तो इन मीटर रीडरों की चोरी पकड़ी गई. सबसे चिंताजनक बात यह है कि पावरकॉम अधिकारियों के मुताबिक 300 करोड़ रुपये की यह बढ़ोतरी बिजली चोरी के दौरान हुई है. मुफ्त बिजली के कारण पंजाब में इसकी खपत तेजी से बढ़ रही है.





## मैहर को जिला बनाने नोटिफिकेशन जारी, एक माह में मांगे दावे आपत्ति

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध शारदा माई की नगरी मैहर को जिला बनाने के लिए शासन की ओर से नोटिफिकेशन जारी हो गया है। जारी नोटिफिकेशन में एक महीने के भीतर दावा आपत्ति मंगाया गया है। दावा आपत्ति के बाद अन्य प्रशासनिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कल ही जन आशीर्वाद यात्रा में सतना जिले के मैहर को जिला बनाने की घोषणा की थी। इसके पहले रीवा जिले के मऊगंज और छिंदवाड़ा जिले के पांढुर्णा को जिला बनाने की घोषणा कर चुके हैं। अब मध्यप्रदेश में जिलों की संख्या 52 से बढ़कर 55 हो जाएगी।

# जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाए जाने पर सुनवाई पूरी

## सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने को लेकर चल रही सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गई है. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. याचिकाकर्ता जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 फिर से बहाल करने के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा भी लौटाए जाने की मांग कर रहे हैं. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई में पांच जजों की संविधान पीठ में शामिल न्यायमूर्ति एसके कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई की संविधान पीठ ने आर्टिकल 370 से जुड़ी अर्जियों को सुना. 370 को बहाल करने के पक्ष में एक तरफ जहां सीनियर वकील कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमणियम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यंत दवे ने अपनी राय रखी. वहीं अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरी ने केंद्र सरकार का पक्ष रखा और आर्टिकल 370 को हटाए जाने के फैसले को ठीक बताया. सुनवाई के आखिरी दिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता या प्रतिवादी पक्ष लिखित में कुछ कहना चाहता है तो ऐसा अगले तीन दिनों तक किया जा सकता है.

### मुख्य याचिकाकर्ता को लगी फटकार

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं में नेशनल कांफ्रेंस के सांसद मोहम्मद अकबर लोन भी शामिल हैं. सुनवाई के दौरान अकबर लोन पर कश्मीरी पीड़ितों के संगठन रूट इन कश्मीर ने आरोप लगाया है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उन्होंने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे. बेंच ने अकबर लोन को फटकार लगाते हुए उनसे भारत के प्रति निष्ठा का हलफनामा मांगा गया.

# बॉडी पर बर्बरता के निशान: लठैत पुलिस की क्रुरता, 2 आरक्षकों ने एसआई के बेटे पर बरसाई लाठी, लात से जमकर पीटा

**कोरबा।** जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां 2 पुलिस आरक्षकों ने एसआई के पुत्र की जमकर डंडे से पिटाई की. इतना ही नहीं लातों से भी मारा. घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक डरा सहमा खड़ा दिखाई दे रहा है. साथ ही एक आरक्षक भी हाथ में डंडा नजर आ रहा है. बता दें कि, दोनों आरक्षक राकेश यादव और राम प्रसाद बर्मन दीपका थाना में पदस्थ हैं. एसआई रविंद्र नाथ यादव भी उसी थाने में ड्यूटी कर रहे हैं. जानकारी के अनुसार, दोनों आरक्षकों ने मामूली से बात को लेकर हुए विवाद में मारपीट की है. घटना के बाद पीड़ित ने एसपी से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है.






आमजन, गरीब-मजलूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे है संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

## भारत सम्मान

### इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 07828866957 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
07828866957
09303890212


# कुत्ते के काटने से बच्चे की मौत

## डॉक्टर्स ने लाइलाज किया घोषित, एम्बुलेंस में तड़प-तड़पकर पिता की गोद में तोड़ा दम



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में कुत्ते के काटने से 14 साल के बच्चे की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। AIIMS से लेकर तमाम बड़े हॉस्पिटलों ने उसको लाइलाज घोषित कर दिया। बुलंदशहर में एक वैद्य के यहां दिखाकर लौटते समय बच्चे ने एम्बुलेंस में अपने पिता की गोद में दम तोड़ दिया। पीड़ित परिजनों की मांग है कि जिस महिला ने कुत्ते पाल रखे हैं, उस पर कड़ी कार्रवाई हो। पूरा मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है। यहां चरण सिंह कॉलोनी में याकूब का परिवार रहता है। याकूब मेहनत मजदूरी करते हैं और परिवार पालते हैं। शाहवेज कक्षा 8 में पढ़ता था। चार दिन पहले यानी 1 सितंबर को उनके 14 साल के बेटे को अजीबो-गरीब दिक्कतें होनी शुरू हो गई।

उसको पानी देखने से डर लगने लगा। खाना-पीना बंद कर दिया। कभी-कभी भौंकने जैसे आवाजें भी मुंह से निकलने लगीं। फैमिली ने कुछ डॉक्टरों को दिखाया तो पता चला कि उसे कुछ समय पहले किसी कुत्ते ने काटा होगा, जिसका इंफेक्शन अब ज्यादा फैल गया है। बच्चे के दादा मतलूब अहमद ने बताया, हमने पोते से जब पूछा तो उसने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले पड़ोस में रहने वाली आंटी के कुत्ते ने उसको काट लिया था। डर के मारे उसने ये बात घर पर नहीं बताई। जिस वजह से बच्चे को तुरंत उचित इलाज नहीं दिया जा सका। जब बच्चे में लक्षण दिखने शुरू हो गए, तब हमें पता चला।

मतलूब अहमद ने बताया, तीन दिन से हम लोग एम्बुलेंस लेकर जीटीबी दिल्ली, एम्स दिल्ली सहित मेरठ-गाजियाबाद के हॉस्पिटलों में घूमते रहे। किसी भी हॉस्पिटल ने हमारे पोते को भर्ती नहीं किया और उसे लाइलाज घोषित कर दिया। किसी ने हमें बताया कि देसी दवाइयों से बुलंदशहर में एक वैद्य इलाज करता है। सोमवार रात 8 बजे हम पोते को उस वैद्य के यहां दिखाकर एम्बुलेंस से गाजियाबाद लौट रहे थे। रास्ते में ही पोते ने दम तोड़ दिया।

# महादेव सट्टा एप मामले में एएसआई समेत चार आरोपित को 10 दिन की रिमांड पर जेल

## दुबई भागे दो संचालक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी



**रायपुर।** महादेव एप सट्टेबाजी मामले में ईडी की गिरफ्त में आए चार आरोपितों की सात दिन की दूसरी रिमांड आज 5 सितंबर मंगलवार को खत्म हो गई। जिसके बाद सभी चारों आरोपितों को विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने सभी आरोपितों को 15 सितंबर तक न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया। महादेव एप सट्टेबाजी मामले में गिरफ्तार एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल दम्मानी और सुनील दम्मानी से पूछताछ में कई अहम जानकारी ईडी को मिली है। बताया जा रहा है कि इसी के आधार पर ईडी की टीम ने रविवार रात को जुबेस्ता हास्पिटल के संचालक डाक्टर दल्ला के से घंटों पूछताछ की। रियाज को हिरासत में लेने की चर्चा रही लेकिन अधिकृत तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी।

### मुख्य संचालकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारेंट जारी

वहीं दूसरी ओर महादेव एप सट्टा मामले में इसके प्रमुख संचालकों रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर के खिलाफ रायपुर की विशेष अदालत से अरेस्ट वारंट जारी हो गया है। स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट ने वारंट जारी किया है। ईडी अब इस अरेस्ट वारंट के आधार पर इंटरपोल से संपर्क कर रही है। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा रहा है। ईडी इन दोनों आरोपितों को विदेश से भारत लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए ईडी ने विदेश और गृह मंत्रालय समेत झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, एमपी और महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों को जानकारी भेजी है।

### समन के बाद नहीं आए दोनों

ईडी महादेव सट्टा एप मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है। ईडी ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ़्तार किया है। ईडी इस एप के प्रमुख संचालकों जिनके नाम रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर बताए गए ह। महादेव एप में चार गिरफ्तारी के बाद रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर का नाम सामने आने के बाद दोनों के छत्तीसगढ़ स्थित स्थानीय पते पर समंस भेजे गए थे। दोनों ईडी दफ्तर नहीं पहुंचे। जिसके बाद यह जानकारी आई कि दोनों ही प्रमुख आरोपित विदेश में रह रहे हैं और विदेश से ही इस एप का संचालन कर रहे हैं। ईडी के विशेष लोक अभियोजक डा. सौरभ कुमार पांडेय ने बताया है कि रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर दोनों ही प्रमुख आरोपित हैं। ये दोनों महादेव सट्टा एप के अहम किरदार हैं। हमने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की अपील की थी, जो हमें मिल गई है।ङ्घ

### बिजली ट्रांसफार्मर से ऑयल पार

**रायपुर।** खपराभट्टी उरकुरा में बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हिमांशु शुक्ला 30 वर्ष बिजली विभाग कार्यालय भनपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने खपराभट्टी उरकुरा में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से 500 लीटर ऑयल चोरी कर लिया। जिससे ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिसके चलते बिजली विभाग को करीब 8 लाख 2876 रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### मंदिर के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** शास्त्री बाजार हनुमान मंदिर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लीनेश कुमार साहू 26 वर्ष टिम्बर भवन के पास देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 एन 2672 को शास्त्री बाजार स्थित हनुमान मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।


### घरेलू विवाद को लेकर दामाद ने ससुर को पीटा

**रायपुर।** ग्राम बोडरा में घरेलू विवाद को लेकर दामाद ने अपने ससुर से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गणेशराम लोधी 49 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी दामाद दीपक लोधी ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 27 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस की टीम ने रेलवे फाटक कोटा के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कृष्णा मोंगराज 41 वर्ष व अब्दुल कादीर 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने आरोपी अनुज मिंज 36 वर्ष व प्रहलाद स्वामी 36 वष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी विशाल शर्मा 47 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर टीकम साहू 40 वर्ष, आकाश जंघेल 25 वर्ष, ओम पटेल 24 वर्ष, योगेश जंघेल 32 वर्ष, भरत वर्मा 23 वर्ष, हेमंत यादव 30 वर्ष, दौलत साहू 40 वर्ष व संतोष कुमार 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी राहुल साह 25 वर्ष, राहुल बेरिसाल 27 वर्ष, मुकेश जायसवाल 32 वर्ष व धर्मेन्द्र गुप्ता 32 वर्ष को गिरफ्तार किया हहै। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी ललित कुर्रे 32 वर्ष एवं अभनपुर पुलिस ने आरोपी अकबर खान 30 वर्ष, नितेश मन्नाडे 33 वर्ष व रामेश्वर सिन्हा 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार से राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विद्यमान स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाए गए 47,090 परिवारों को आवास निर्माण के लिए केन्द्रांश की राशि जारी करने अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने अवगत कराया है कि स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों और राज्य सरकार के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाए गए 47,090 परिवारों को राज्य सराकर के द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाने राज्यांश की राशि जारी करने का भी निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि दिनांक 03 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उनके द्वारा लिखे गए पत्र में स्थायी प्रतीक्षा में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, आवास प्लस के 8,19,999 परिवारों के लिये राज्य सरकार को लक्ष्य प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही वर्ष 2021 22 हेतु आवंटित 7,81,999 आवास के लक्ष्य को भारत सरकार द्वारा वापस लेने की जानकारी दी गई थी। राज्य सरकार द्वारा किये गये इस अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा की गई कार्यवाही से आज दिनांक तक अवगत नहीं कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत कराया है भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011 में जनगणना के आधार पर स्थायी प्रतीक्षा सूची तैयार की गई थी। भारत सरकार द्वारा पुनः वर्ष 2018 में आवास प्लस सूची तैयार की गई, जिसमें स्थायी प्रतीक्षा सूची के अलावा 8,19,999 परिवार पात्र पाये गये। प्रत्येक 10 वर्षों में भारत सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना/बी.पी.एल. सर्वेक्षण कराया जाता रहा है, जो कि अभी तक नहीं कराया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार के द्वारा, सामाजिक आर्थिक जातिगत -2011 के मापदण्डों के अनुसार, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कराया गया, जिसमें कुल 47,090 परिवारों को आवासहीन होना पाया गया है। अतएव, स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष 6,99,439 परिवारों तथा राज्य सरकार के द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण 2023 में पाये गये आवासहीन 47,090 परिवारों को योजनांतर्गत आवास निर्माण कर लाभान्वित किये जाने हेतु राज्यांश राशि जारी कराने का निर्णय लिया गया है।









# खेतीबाड़ी के लिए कृषि उपकरण से जूझ रहा छत्तीसगढ़ का किसान, बन सकता है चुनावी मुद्दा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए कृषि यंत्र प्राप्त करना भी बड़ा मुद्दा बन गया है। चुनाव के समय किसानों का मानना है कि इस बार कृषि उपकरण के लिए योजनाओं का विस्तार होना चाहिए। प्रदेश के किसानों को पर्याप्त संख्या में कृषि उपकरण नहीं मिल पा रहे हैं।

कृषि की अत्याधुनिक अभियांत्रिकी युग में किसान धीरे-धीरे जागरुक हो रहे हैं और ट्रैक्टर से लेकर स्प्रिंकलर, ड्रिप, डकफुट कल्टीवेटर, स्प्रिंग टाइन कल्टीवेटर, रिजिड टाइन शोवेल टाइप कल्टीवेटर, लैंड लेवलर जैसे प्रमुख उपकरणों की मांग है। पिछले वर्षों में देखें तो किसानों ने बड़ी संख्या में कृषि उपकरणों की मांग की मगर उतनी संख्या में आपूर्ति नहीं हो पाई। इसकी वजह यह है कि केंद्र प्रवर्तित कृषि यंत्रीकरण योजना में 120 से 150 करोड़ की अनुदान राशि वर्षों से नहीं बढ़ी है और राज्य में कोई योजना संचालित नहीं हो रही है।

### ठोस कार्ययोजना बनानी होगी

अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डा. राजाराम त्रिपाठी ने कहा, 130-140 सेंटीमीटर औसत बारिश वाले छत्तीसगढ़ की 80 प्रतिशत जनसंख्या खेती पर निर्भर है। ऐसे में प्रदेश में के लिए 'बारहमासी सुनिश्चित सिंचाई' और किसानों को पर्याप्त कृषि उपकरण प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए केवल वोटों की मात्र लोकलुभावन राजनीति से आगे बढ़कर खेती-किसानी, किसानों के लिए बिना किसानों में अगड़ा-पिछड़ा, छोटा-बड़ा का अनावश्यक भेदभाव के दूरगामी ठोस योजनाएं बनानी होंगी और उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता पर अमल में भी लाना होगा।

### चैंप्स से भी राहत नहीं

किसानों को कृषि यंत्र देने में पारदर्शिता लाने को राज्य शासन ने किसानों के लिए चैंप्स (छत्तीसगढ़ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एंड माइक्रो एरिगेशन मानिटरिंग प्रासेस) साफ्टवेयर की सुविधा दी है। जिसकी मदद से किसानों को कृषि उपकरण खरीदने के लिए न तो परेशान होना पड़ेगा, न ही दलालों के चक्कर में पड़ कर अधिक कीमत चुकानी होगी लेकिन किसानों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्हें समय पर कृषि उपकरण नहीं मिल रहे हैं। आलम यह है कि ट्रैक्टर के लिए 10 हजार आवेदन में महज साढ़े तीन हजार किसानों को ही मिल पा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में स्प्रिंकलर के लिए पिछले वर्ष 25 हजार से अधिक आवेदन आए थे। इनमें 21 हजार किसानों को लाभ मिला था। इसी तरह ड्रिप व अन्य उपकरणों की भी कमी है। इसी तरह अन्य कृषि उपकरण हस्त बैल चलित यंत्र, पावर टिलर, कंबाइन हारवेस्टर, शक्ति चलित कृषि यंत्र, पौधा सरक्षण यंत्र, सिंचाई पंप आदि कृषि यंत्रों की मांग लगातार हो रही है।

### केंद्र की योजना में इतनी सब्सिडी

छत्तीसगढ़ में केंद्र प्रवर्तित कृषि यंत्रीकरण योजना चल रही है। इसके तहत किसानों को कृषि यंत्र की खरीदी पर उन्हें 40 से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है। इसके अलावा कस्टम हायरिंग केंद्रों (सीएचसी) और उच्च मूल्य वाले कृषि यंत्रों के लिए उच्च तकनीकी केंद्र स्थापित करने को 40 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है।

## सामूहिक दुष्कर्म केस के आरोपित के पिता ने भाजपा के पद से दिया त्याग पत्र

### पीड़ितों को की न्याय दिलाने की मांग





**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में राखी बांध कर घर वापस आ रही दो सगी बहनों से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित पूनम ठाकुर के पिता लक्ष्मीनारायण सिंह ठाकुर ने भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया गया है। उनका एक वीडियो सामने आया है जिसमें वे उपाध्यक्ष भाजपा मंडल मंदिर हसौद के पद से त्यागपत्र देते हुए सभी आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। वहीं पीड़ित बहनों को न्याय दिलाने की मांग की है।

दरअसल, पूनम ठाकुर सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य आरोपित है। इस मामले में पुलिस ने सभी 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में एक आरोपित पुलिस वाले का बेटा भी है। पिता ने उसे पकड़कर थाने से तबादला करवा लिया। इसकी वजह बताई कि जांच में कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

#### इन आरोपितों को भेजा गया जेल

पूनम ठाकुर, घनश्याम निषाद, लव तिवारी, नयन साहू, केवल वर्मा उर्फ सोनू, देवचरण धीवर, लक्ष्मी ध्रुव, प्रहलाद साहू, कृष्णा साहू और युगल किशोर को जेल भेजा गया है।

#### पूनम के विरुद्ध कई मामले-

मुख्य आरोपित पूनम ठाकुर आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ थाना मंदिर हसौद और आरंग में पांच मामले पंजीबद्ध हैं। वर्ष 2019 में आरोपित पूनम ने एक युवक की हत्या कर उसे जला दिया था। जिसके बाद से वह जेल में था। जमानत पर छूटने के बाद उसने 2022 में दुष्कर्म किया। इसके बाद से वह जेल में था। 17 अगस्त को वह जमानत पर बाहर आया था। 13 दिन बाद दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

#### क्रांति सेना ने थाने का किया था घेराव

वहीं दूसरी ओर दुष्कर्म मामले में पूरे प्रदेश में आक्रोश का माहौल है। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना प्रदेश अध्यक्ष आशीष आजाद के नेतृत्व में थाने का घेराव किया था। घेराव में मांग की गई थी कि आरोपितों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। आरोपितों को फांसी देने की मांग की गई। है।


## मंदिर की सीढ़ियों पर पेशाब करने वाला पुलिसकर्मी सस्पेंड

**रायपुर, ।** शराब के नशे में मंदिर की सीढियों पर पेशाब करने वाले आरक्षक को एसपी सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उसके खिलाफ मंदिर प्रबंधन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि रविवार को एक पुलिसकर्मी द्वारा मंदिर की सीढियो पर पेशाब करने का विडियो वायरल हुआ था। वहीं किसी ने उक्त विडियो एसी प्रशांत अग्रवाल को भी भेज दिया था। पुलिसकर्मी के संबंध में जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त पुलिसकर्मी का नाम कुलभूषण सिंह है तो थाना सरस्वती नगर में पदस्थ है। जिसके बाद एसपी ने कार्रवाई करते सोमवार को आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही मंदिर प्रबंधन की ओर से की गई शिकायत के बाद आजाद चौक थाने में पुलिसकर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।




## ताश के पत्तों की तरह पानी की दो टंकियां धराशाई, लोग दहशत में

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के टाउनशिप स्थित सेक्टर 4 में मंगलवार की सुबह हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, यहां हजारों गैलन पानी से भरी दो टंकियां अचानक ध्वस्त हो गई। इन टंकियों से सेक्टर 4, सेक्टर 3 स्थित आवासों को जलापूर्ति की जाती है। बताया जा रहा है कि कई दशक पूर्व बनी इन टंकियां के जर्जर होने की खबर पिछले दिनों ही बीएसपी प्रबंधन को हुई थी। इसके बाद थोड़ी लीपापोती कर मरम्मत की गई और उसे उसी हाल में छोड़ दिया गया। वहीं पानी की टंकी के ध्वस्त होने से इलाके में जलापूर्ति ठप हो गई। हालांकि इस दौरान कोई जनहानि हुई है या नहीं इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई है। फिलहाल बीएसपी का फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच चुका है।












स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547